RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

4th Year Anniversary

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 11 | ISSUE 40 | SATURDAY 21-02-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## गुस्ताखी माफ



इतनी थोड़ी ड्रग मिली, हुई पुलिस नाराज।
तुम लोगों को पकड़ते, हमें आ रही लाज।
हमें आ रही लाज, बड़ा ही नीचा लेवल।
बंदे पूरे तीन, ग्राम निकले दस केवल।
कह साहिल कविराय, चाहिए लगभग कितनी।
पुलिस न हो नाराज, रखें खीसे में इतनी।

– डॉ. राजेन्द्र साहिल



# केरल चुनाव को लेकर कांग्रेस का मास्टरप्लान, कई टिकट के चहेतों को लगेगा बड़ा झटका

## पंजाब विधानसभा चुनाव में लागू हो सकते है नियम, जनता के नकारे लीडर होंगे साइडलाइन, यूथ को मिलेगा मौका


पंजाब/यूटर्न/20 फरवरी। कांग्रेस पार्टी की हाईकमान की और से केरल विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा ऐलान किया है। उक्त चुनावों को लेकर पार्टी द्वारा मास्टरप्लान तैयार किया गया है। जिसके चलते टिकट चाहने वाले उम्मीदवारों के चयन के लिए कड़े नियम बनाए गए हैं। हालांकि इन नियमों को टिकट चाहने वाले लीडरों में से कोई कोई ही पूरा कर सकेगा। जिससे बात साफ है कि इस बार पार्टी द्वारा चुनावों में किसी चहेते को टिकट देने की जगह जनता में अपनी अच्छी छवि बनाने वाले लीडर को पहल दी जाएगी। इस मास्टरप्लान से जनता के नकारे हुए लीडर साइडलाइन हो जाएंगे। हालांकि राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि कांग्रेस पार्टी द्वारा पंजाब विधानसभा चुनाव 2027 में भी यहीं मास्टरप्लान लागू किया जा सकता है। अगर यह नियम राज्य में भी लागू होंगे तो पंजाब के दिग्गज कांग्रेसी लीडर टिकट की दौड़ से बाहर हो जाएंगे। वहीं मौजूदा कांग्रेसी सांसद भी पार्टी की तरफ से इन चुनावों में हिस्सा नहीं ले पाएंगे।


कांग्रेस पंजाब प्रभारी भूपेश बघेल






### दो बार हारने वाले कई दिग्गज लीडर दौड़ से होंगे बाहर


केरल के चुनाव नियम मुताबिक 5 हजार से ज्यादा वोटों से हारने और लगातार दो बार हारे उम्मीदवार को टिकट की दौड़ से बाहर किया गया है। ऐसे में अगर यह नियम पंजाब में लागू हुआ तो पार्टी के कई दिग्गज लीडर टिकट की दौड़ से बाहर हो जाएंगे। लुधियाना की बात करें तो भारत भूषण आशु भी दो बार चुनाव हार चुके हैं। अब देखना होगा कि अगर यह नियम लागू हुआ तो क्या आशु अपने सबसे करीबी मानें जाते कांग्रेस नेता सनी भल्ला और पंकज शर्मा काका को चुनाव मैदान में उतारेगें या किसी और को मौका मिलेगा।

### यूथ को दिया जाएगा मौका




वहीं पंजाब प्रभारी भूपेश बघेल पिछले दिनों प्रैस कांफ्रेस के दौरान एक अहम बात कहकर गए थे। जिसमें उन्होंने कहा था कि पार्टी द्वारा 50 साल से ऊपर वाले लीडरों को टिकट नहीं दी जाएगी, बल्कि यूथ को टिकट के लिए पहल दी जाएगी। ऐसे में अगर लुधियाना की बात करें तो पूर्व विधायक राकेश पांडे, सुरिंदर डाबर, कुलदीप सिंह वैद को टिकट नहीं मिल सकेगा। अब देखना होगा कि पार्टी उनके किसी पारिवारिक सदस्य को टिकट देती है या किसी दूसरे युवा को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा।

### केरल में यह नियम हुए लागू

वहीं बात करें केरल की तो कांग्रेस नेतृत्व द्वारा केंद्रीय स्क्रीनिंग कमिटी और केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) को मास्टरप्लान के मुताबिक उम्मीदवारों के चयन का निर्देश दिया गया है। जिसमें पिछले विधानसभा चुनाव में 5 हजार से ज्यादा वोटों से हारे उम्मीदवार को टिकट नहीं मिलेगा। लगातार दो बार विधानसभा चुनाव हार रहे उम्मीदवार को भी टिकट की दौड़ से बाहर किया गया है। किसी भी वर्तमान सांसद को विधानसभा चुनाव नहीं लड़वाया जाएगा, हालांकि जीतने के बाद विधायकों की राय से मुख्यमंत्री का चयन होगा। वो कोई विधायक या सांसद भी हो सकता है।

### टिकट न मिली तो मिलेगा अहम पद

वहीं इस प्लान में एक महत्वपूर्ण और दिलचस्प बात भी सामने आई है। जिसमें अगर किसी सीट पर एक से अधिक मजबूत उम्मीदवार टिकट मांग रहे हैं तो जिस भी उम्मीदवार को टिकट नहीं मिला। उसे सरकार बनने पर बोर्ड या निगम में स्थान दिया जाएगा। साथ ही जिसको टिकट मिलेगा और वो अगर चुनाव नहीं जीत पाता है तो उसे सरकार में कही एडजस्ट नहीं किया जाएगा।

### पंजाब के सांसद टिकट की दौड़ से हो जाएंगे बाहर

पंजाब में कांग्रेस पार्टी के आठ सांसद है। जिनमें लुधियाना से अमरिंदर सिंह राडा वड़िंग, जालंधर से चरणजीत सिंह चन्नी, अमृतसर से गुरजीत सिंह, फिरोजपुर से शेर सिंह गुबाया, डेरा बाबा नानक से सुखजिंदर सिंह रंधावा, पटियाला से डॉ. धर्मवीर गांधी, फतेहगढ़ साहिब से अमर सिंह शामिल है। अगर केरल चुनाव नियम कांग्रेस पार्टी द्वारा 2027 चुनाव को लेकर पंजाब में लागू कर दिया तो सीएम सीट की दौड़ के लिए चर्चा में रहने वाले कई सांसद बाहर हो जाएंगे। हालांकि यह सांसद चुनाव तो नहीं लड़ सकेगें, मगर सीएम चेहरे के लिए इन पर फोक्स जरुर हो सकता है।

## लालड़ू में व्यापारियों के साथ विशेष संवाद, राकेश बत्रा लालड़ू ट्रेड कमीशन के चेयरमैन नियुक्त



लालड़ू, यूटर्न, 20 फरवरी। श्री दुर्गा देवी मंदिर में क्षेत्र के समस्त व्यापारियों के साथ एक विशेष संवाद बैठक आयोजित की गई। इस महत्वपूर्ण बैठक में डेराबस्सी हलके के विधायक कुलजीत सिंह रंधावा विशेष रूप से उपस्थित हुए और व्यापारी वर्ग के साथ खुलकर चर्चा की। बैठक के दौरान लालड़ू के प्रमुख समाजसेवी एवं व्यापारी राकेश बत्रा को लालड़ू ट्रेड कमीशन का चेयरमैन (प्रधान) नियुक्त किया गया। इस घोषणा पर उपस्थित व्यापारियों ने खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी और विश्वास व्यक्त किया कि वे व्यापारी वर्ग की समस्याओं को मजबूती से उच्च स्तर तक पहुंचाएंगे। संवाद के दौरान व्यापारियों ने बाजारों की सफाई, ट्रैफिक प्रबंधन, पार्किंग की समस्या, स्ट्रीट लाइट, सीवरेज व्यवस्था और सुरक्षा प्रबंध जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया।

## जगरांव प्रशासन में बड़ा बदलाव

### मनजीत सिंह चीमा होंगे जगरांव के नए एडीसी

-चरणजीत सिंह चन्न-



जगरांव/यूटर्न/20/फरवर। पंजाब सरकार द्वारा किए गए ताजा प्रशासनिक फेरबदल का असर जगराओं प्रशासन पर भी देखने को मिला है, जहां उच्च अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जगराओं के मौजूदा अतिरिक्त उपायुक्त (ADC) श्री कुलप्रीत सिंह, पी.सी.एस का तबादला कर दिया गया है। कुलप्रीत सिंह को अब अतिरिक्त उपायुक्त (ग्रामीण विकास), मोगा में जगविंदरजीत सिंह ग्रेवाल (पी.सी.एस.) की जगह नई तैनाती दी गई है। उनकी जगह पर सरकार द्वारा मनजीत सिंह चीमा, पी.सी.एस को जगराओं का नया अतिरिक्त उपायुक्त (ADC) नियुक्त किया गया है। गौरतलब है कि मनजीत सिंह चीमा इससे पहले पटियाला में सचिव, रीजनल ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी (RTA) के रूप में अपनी अहम सेवाएं निभा रहे थे। आने वाले दिनों में नए अधिकारी द्वारा अपना पद संभालने की संभावना है।

## बहुचर्चित रिंकल मर्डर केस में उसके बड़े भाई को मिली धमकी, युवक खिलाफ FIR दर्ज

लुधियाना/यूटर्न/20 फरवरी। शहर के बहुचर्चित रिंकल मर्डर केस में मुख्य गवाह उसके भाई को एक युवक द्वारा गवाही देने से इंकार करने के लिए युवक द्वारा धमकियां दी गई। यहां तक कि सोशल मीडिया अकाउंट पर भी गलत शब्दावली प्रयोग करने और फिर अपना बचाव करने के लिए थाने क्यों जाने की बात भी लिखी। जहां तक कि युवक द्वारा असलह के साथ अपने स्टेट्स में फोटो भी लगाई। जिसके चलते रिंकल के भाई व परिवार को जान का खतरा होने के चलते उन्होंने पुलिस को शिकायत दी। थाना डिवीजन नंबर दो की पुलिस ने अमरपुरा के गगनदीप सिंह मनी खेड़ा की शिकायत पर इस्लामगंज के रमनजोत सिंह उर्फ जोता के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस को दिए बयानों में शिकायतकर्ता मनी खेड़ा ने बताया कि उसके भाई जगदीप सिंह रिंकल खेड़ा का 2018 में मर्डर हो गया था। जिस संबंधी थाना डिवीजन नंबर दो में अलग अलग धाराओं के तहत मामला दर्ज है। जिसमें शिकायतकर्ता मुख्य गवाह है। उक्त मामले में उक्त आरोपी रमनजोत उर्फ जोता का पिता अमरजीत सिंह उर्फ अंबा भी गवाह था। जिसने जानबूझकर अपनी गवाही आरोपियों के हक में कोर्ट में दे दी। जिसके बाद आरोपी रमनजोत जोता ने शिकायतकर्ता को धमकियां देनी शुरू कर दी कि वह भी अपनी गवाही से इंकार कर दे, नहीं तो उसका हाल भी उसके भाई रिंकल जैसा होगा।



4th Year Anniversary

RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 11 | ISSUE 40 | SATURDAY 21-02-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com



# AI समिट में यूथ कांग्रेस के प्रदर्शन पर भड़की भाजपा चंडीगढ़ युवा मोर्चा

चंडीगढ़/यूटर्न/20 फरवरी। चंडीगढ़ युवा मोर्चा द्वारा अक समिट में युवा कांग्रेस के प्रदर्शन पर भड़की भाजपा चंडीगढ़ युवा मोर्चा ने सेक्टर 35 कांग्रेस भवन के बाहर राहुल गाँधी और कांग्रेस का पुतला फूंका। युवा मोर्चा ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी की लीडरशिप में, कांग्रेस वर्कर्स ने टॉपलेस होकर वेन्यू पर हंगामा किया, यह काम साफ तौर पर दुनिया के मंच पर भारत को शर्मिंदा करने के लिए किया गया। भाजपा युवा मोर्चा ने आरोप लगाया कि जब देश खुद को



ग्लोबल टेक्नोलॉजी पावरहाउस के तौर पर बनाने की कोशिश कर रहा है, तो ऐसा बर्ताव सिर्फ उन लोगों के फायदे में है जो भारत को लड़खड़ाते देखना चाहते हैं।



पॉलिटिकल विरोध एक डेमोक्रेटिक हक है, लेकिन भारत की ग्लोबल इमेज को नुकसान पहुंचाना नहीं। कांग्रेस की इस प्रदर्शन को लेकर कहा कि कांग्रेस ने देश को शर्मिंदा करने के लिए ऐसा किया है। यह प्रदर्शन कांग्रेस द्वारा सोची समझी साजिश के तहत किया गया। ये संयोग नहीं कांग्रेस का प्रयोग है। यह कांग्रेस देश की छवि खराब करने की कोशिश है। रंग में भंग डालना इनका काम है। इस मौके पर प्रभारी रमेश सहोड़, युवा नेता अमनदीप सिंह, महामंत्री प्रिया पासवान, उपाध्यक्ष अभय झा, विनायक भंगिया, राहुल चौधरी, सुखराज गिल, सिद्धांत मोदगिल, अंकुर राणा, राजेश पासवान आदि मौजूद थे।

# चंडीगढ़ में एएनटीएफ की बड़ी कार्रवाई

## दिल्ली–हिमाचल लिंक से जुड़े दो ड्रग सप्लायर गिरफ्तार, 80 ग्राम से ज्यादा नशीला पदार्थ बरामद

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/20 फरवरी। शहर में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए दो कथित नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि दोनों आरोपी दिल्ली



और हिमाचल प्रदेश से नशीला पदार्थ लाकर चंडीगढ़ में सप्लाई करते थे। पुलिस ने उनके कब्जे से कुल 80.78 ग्राम प्रतिबंधित ड्रग्स बरामद की है।कार्रवाई डीएसपी धीरज कुमार की देखरेख में एएनटीएफ इंचार्ज इंस्पेक्टर हरमिंदर सिंह की टीम ने की।

# एडवांस्ड मशीन टूल्स और ऑटोमेशन पर केंद्रित मैकऑटो एक्सपो का शुभारंभ

लुधियाना, यूटर्न, 20 फरवरी। उत्तर भारत की प्रमुख औद्योगिक प्रदर्शनी मैकऑटो एक्सपो 2026 का भव्य उद्घाटन पद्म श्री अवॉर्डी और एवन साइकिल्स लिमिटेड के चेयरमैन ओंकार सिंह पाहवा ने किया। यह एक्सपो मशीन टूल्स, इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन और एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी को समर्पित है, जिसमें देशभर से निमार्ताओं, तकनीकी विशेषज्ञों और व्यापार प्रतिनिधियों की बड़ी भागीदारी देखने को मिली। उद्घाटन समारोह में सीआईसीयू के अध्यक्ष उपकार सिंह आहूजा, एफआईसीओ के अध्यक्ष एस. तरलोचन सिंह, यूसीपीएमए के हरसिमरनजीत सिंह लकी, यूएफआईटी के



नरिंदर सग्गू और अन्य उद्योग जगत के प्रमुख प्रतिनिधि उपस्थित रहे। अपने संबोधन में पाहवा ने औद्योगिक आधुनिकीकरण, उत्पादकता वृद्धि और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में भारत की स्थिति मजबूत करने के लिए ऐसी प्रदर्शनियों को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने टरटए२ को प्रिसिजन इंजीनियरिंग, स्मार्ट ऑटोमेशन और डिजिटल मैन्युफैक्चरिंग में निवेश बढ़ाने का आह्वान किया। प्रदर्शनी में CNC टर्निंग सेंटर, मल्टी-एक्सिस मशीनिंग सिस्टम, लेजर कटिंग, रोबोटिक आर्म और ऑटोमेटेड असेंबली सिस्टम सहित अत्याधुनिक मशीनरी का प्रदर्शन किया गया।

लाइव डेमो के माध्यम से इंडस्ट्री 4.0 और स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग सॉल्यूशंस को प्रदर्शित किया गया। पहला दिन सकारात्मक व्यावसायिक संवाद और नई साझेदारियों की संभावनाओं के साथ संपन्न हुआ।

# पंचकूला पुलिस का एक्शन स्कूटी चोरी मामले में आरोपी गिरफ्तार, वाहन बरामद

पंचकूला, यूटर्न, 20 फरवरी। पंचकूला पुलिस की क्राइम ब्रांच सेक्टर-19 टीम ने एसआई मुकेश सैनी के नेतृत्व में थाना सेक्टर-5 में दर्ज स्कूटी चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर चोरीशुदा एक्टिवा बरामद करने में सफलता हासिल की है। जानकारी के अनुसार सेक्टर-9 निवासी सुरज कौशिक ने थाना सेक्टर-5 पंचकूला में शिकायत दी कि 25 जनवरी को शाम करीब 6:55 बजे उन्होंने अपनी स्कूटी सेक्टर-5 टाउन पार्क के सामने पार्किंग में खड़ी की थी। करीब 25 मिनट बाद लौटने पर स्कूटी गायब मिली। शिकायत पर थाना सेक्टर-5 में धारा 303 BNS के तहत मामला दर्ज किया गया।



मामले की तफ्तीश के दौरान क्राइम ब्रांच सेक्टर-19 की टीम ने 17 फरवरी को गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी सुनील कुमार उर्फ रोकी (उम्र 32 वर्ष), निवासी नंद विहार फेस-2, बलटाना, जिला रअर नगर मोहाली (पंजाब) को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी से चोरीशुदा एक्टिवा बरामद करवाई। बरामदगी के बाद मामले में धारा 317(2) BNS भी जोड़ी गई। आरोपी को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड लिया गया था, अब आरोपी को माननीय अदालत में पेश कर 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजने की कार्यवाही की गई है।मामले में आरोपी के एक अन्य साथी की तलाश जारी है। पंचकूला पुलिस ने आमजन से अपील की है कि अपने वाहनों को सुरक्षित स्थान पर पार्क करें तथा संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# पंचकूला पुलिस की तत्परता लापता किशोरी को कुछ ही समय में सकुशल ढूंढकर परिजनों से मिलाया

पंचकूला, यूटर्न, 20 फरवरी। पंचकूला पुलिस के थाना कालका की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लापता हुई 16 वर्षीय किशोरी को सुरक्षित ढूंढकर परिजनों के सुपुर्द किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कालका क्षेत्र निवासी शिकायतकर्ता ने थाना कालका में उपस्थित होकर बताया कि उनकी पुत्री (उम्र 16 वर्ष) अपनी सहेली के घर गई थी, लेकिन उसका मोबाइल फोन बंद आ रहा था और सहेली के घर का पता भी परिवार को ज्ञात नहीं था,



जिससे परिवार चिंतित हो गया। इस संबंध में परिवार द्वारा थाना कालका में शिकायत दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने एएसआई सतीश कुमार के नेतृत्व में तुरंत कार्रवाई करते हुए तकनीकी सहायता के साथ आसपास के क्षेत्रों में सघन तलाश अभियान चलाया। टीम की मुस्तैदी के चलते कुछ ही समय में किशोरी को काली माता मंदिर के पास से सुरक्षित बरामद कर लिया गया। आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के उपरांत किशोरी को सकुशल उसके परिजनों के हवाले कर दिया गया, जिस पर परिवारजनों ने पंचकूला पुलिस का आभार व्यक्त किया।

## डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने कहा कि

'पंचकूला पुलिस बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। किसी भी लापता व्यक्ति की सूचना मिलते ही हमारी टीमें तुरंत सक्रिय होकर त्वरित कार्रवाई करती हैं। अभिभावकों से अपील है कि बच्चों पर सतत निगरानी रखें और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत पुलिस से संपर्क करें।

# ऑनलाइन बाल यौन शोषण सामग्री प्रसारित करने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 20 फरवरी। शहर की साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन चंडीगढ़ ने ऑनलाइन बाल यौन शोषण एवं अश्लील सामग्री (उरएअट) के प्रसार से जुड़े मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार




किया है। इस संबंध में थाना साइबर क्राइम, सेक्टर-17 में एफआईआर नंबर 29, दिनांक 19.02.2026 के तहत आईटी एक्ट 2000 की धारा 67-बी में मामला दर्ज किया गया था। कार्रवाई एसपी साइबर गीतांजलि खंडेलवाल के नेतृत्व में की गई। इस दौरान डीएसपी साइबर क्राइम एवं आईटी ए. वेंकटेश के मार्गदर्शन और थाना प्रभारी इंस्पेक्टर इरम रिजवी की निगरानी में टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया। जांच के दौरान ऑनलाइन क्राइम अगेंस्ट वुमन एंड चिल्ड्रेन (OCWC) यूनिट के साथ समन्वय किया गया, जबकि इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर (I4C), गृह मंत्रालय ने तकनीकी सहयोग प्रदान किया।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान मनीमाजरा निवासी 32 वर्षीय जोगिंदर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल के माध्यम से एक साइबर टिपलाइन रिपोर्ट प्राप्त हुई थी, जिसे नेशनल सेंटर फॉर मिसिंग & एक्सप्लॉइटेड चिल्ड्रन ने 'प्रायोरिटी लेवल ए' के तहत साझा किया था। रिपोर्ट में एक कथित इंस्टाग्राम अकाउंट द्वारा नाबालिग से संबंधित आपत्तिजनक सामग्री अपलोड/प्रसारित किए जाने की जानकारी दी गई थी।

प्रारंभिक जांच के दौरान तकनीकी विश्लेषण और आईपी एड्रेस की पड़ताल की गई। संबंधित इंटरनेट सेवा प्रदाता से कानूनी प्रक्रिया के तहत सब्सक्राइबर विवरण प्राप्त किए गए। कॉल डिटेल रिकॉर्ड (CDR) और अन्य डिजिटल साक्ष्यों ने आरोपी की संलिप्तता की पुष्टि की। जांच के आधार पर मामला दर्ज कर साइबर टीम ने आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

4th Year Anniversary

RNI NO PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 11 | ISSUE 40 | SATURDAY 21-02-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# फरीदाबाद के एक आदमी ने कबाड़ में सोना बेचा, मुस्लिम कबाड़ डीलर ने 4 महीने बाद 15 लाख रुपये की ज्वेलरी लौटाई

चंडीगढ़/यूटर्न/20 फरवरी। फरीदाबाद में एक मुस्लिम कबाड़ डीलर ने लगभग 15 लाख रुपये की 100 ग्राम सोने की ज्वेलरी उसके असली मालिक को लौटा दी। ज्वेलरी फरीदाबाद के रहने वाले अशोक शर्मा की थी, जिसने दिवाली की सफाई के दौरान गलती से इसे कबाड़ के साथ बेच दिया था। सोना गुरुवार को अउढ बल्लभगढ़, जितेश मल्होत्रा के ऑफिस में ऑफिशियली सौंप दिया गया। ज्वेलरी सौंपते समय स्क्रैप डीलर, हाजी अख्तर खान मौजूद थे। शर्मा के मुताबिक, उनके परिवार ने अपने सोने के गहने एक बॉक्स में रखे थे, जिसे चोरी से बचाने के लिए पिछले साल जनवरी में कुंभ मेले के लिए जाने से पहले एक बोरे में रखा गया था। हालांकि, दिवाली की सफाई के दौरान, बोरे को गलती से कबाड़ समझकर एक कबाड़ डीलर को बेच दिया गया। बाद में परिवार को पता चला कि ज्वेलरी बॉक्स को भी कबाड़ के साथ बेच दिया गया था। गलती का पता चलने के तुरंत बाद जब शर्मा स्क्रैप डीलर के पास गए, तो ज्वेलरी नहीं मिली और परिवार निराश होकर घर लौट आया।



## सोना वापिस करना मेरी जिम्मेदारी थी

खान ने कहा, ह्लसोना मिलने के बाद, मैंने इसे एक सुनार से चेक करवाया। चूंकि अशोक शर्मा ने पहले मुझसे गुम हुई ज्वेलरी के बारे में संपर्क किया था, इसलिए मुझे लगा कि इसे वापस करना मेरी ज़िम्मेदारी है। मेरे पूरे परिवार ने इस फैसले का समर्थन किया और मैंने पुलिस को सूचित किया। एसीपी जितेश मल्होत्रा ने खान की ईमानदारी की तारीफ की। उन्होंने कहा, ह्लयह घटना दिखाती है कि ईमानदारी अभी भी ज़िंदा है। मैं लोगों से अपील करता हूँ कि वे अपने कीमती सामान का ध्यान रखें।

## कागज में लिपटा मिला सोना

लगभग चार महीने बाद, स्क्रैप डीलर, हाजी अख्तर खान, जिन्हें खान साहब के नाम से जाना जाता है, को स्क्रैप छांटते समय कागज में लिपटा हुआ सोना मिला। एक सुनार से इसकी असली होने की पुष्टि करने के बाद, उन्होंने पुलिस को सूचित किया और ज्वेलरी को अउढ मल्होत्रा के ऑफिस ले आए, जहाँ इसे शर्मा को वापस कर दिया गया।




# उद्योग मंत्री संजीव अरोड़ा के निमंत्रण पर खरह पंजाब इस्पात सैक्टर में करेगा 1,500 करोड़ का बड़ा निवेश

**प्रोग्रेसिव पंजाब निवेशक शिखर सम्मेलन 2026 की इनॉगरल सेरेमनी में भी होंगे शामिल होंगे जिंदल**

मुंबई, यूटर्न, 20 फरवरी। पंजाब के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री संजीव अरोड़ा ने मुंबई में खरह समूह के चेयरमैन सज्जन जिंदल से मुलाकात की, जिसमें राजपुरा में इस्पात क्षेत्र में 1,500 करोड़ के निवेश की घोषणा की गई। बैठक में पंजाब इन्वेस्ट के सीईओ अमित ढाका भी उपस्थित रहे।



जिंदल ने बताया कि प्रस्तावित निवेश से पंजाब के विनिर्माण आधार को मजबूती मिलेगी, इस्पात मूल्य श्रृंखला सशक्त होगी और प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। उन्होंने 13 मार्च को प्लाक्षा यूनिवर्सिटी में होने वाले इन्वेस्ट पंजाब समिट के उद्घाटन सत्र में भाग लेने की पुष्टि भी की। मंत्री अरोड़ा ने कहा कि पंजाब मजबूत एमएसएमई नेटवर्क, कुशल मानव संसाधन और विकसित औद्योगिक क्लस्टरों के साथ निवेश के लिए अनुकूल गंतव्य है। उन्होंने 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' सुधारों और सिंगल विंडो क्लीयरेंस प्रणाली का उल्लेख करते हुए बताया कि राज्य नई औद्योगिक नीति को अंतिम रूप दे रहा है, जो उन्नत विनिर्माण, रक्षा निर्माण, ई-मोबिलिटी और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों को प्रोत्साहित करेगी।

जिंदल ने पंजाब सरकार की उद्योग-अनुकूल नीतियों की सराहना करते हुए भविष्य में अतिरिक्त निवेश संभावनाओं पर भी सकारात्मक संकेत दिए।

**Happy Birthday**



**lakhbir**

**Happy Birthday**



**keshav guleria**

# मां बगलामुखी धाम में आखंड यज्ञ का 10वां दिन, सामाजिक एकता का संदेश, पूर्णाहुति आज



Dc himanshu jain









लुधियाना, यूटर्न, 21 फरवरी। पक्खोवाल रोड स्थित मां बगलामुखी धाम में चल रहे 11 दिवसीय 243 घंटे के आखंड यज्ञ के 10वें दिन धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक और व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने आहुति डालकर मां की आराधना की। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की पत्नी डॉ. गुरप्रीत कौर ने यज्ञ कुंड में नारियल अर्पित कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि महंत प्रवीण चौधरी के सान्निध्य में आयोजित यह यज्ञ सभी वर्गों को एक सूत्र में पिरोने का कार्य कर रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री व सांसद चरणजीत सिंह चन्नी ने भी हवन में भाग लेते हुए घोषणा की कि कांग्रेस सरकार बनने पर मां बगलामुखी धाम के समीप 50 एकड़ भूमि में संस्कृत विश्वविद्यालय स्थापित किया जाएगा। संत स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी और भाई दविंद्र सूद ने यज्ञ को मानव जीवन के लिए कल्याणकारी बताया।

महंत प्रवीण चौधरी ने कहा कि यज्ञ भारतीय संस्कृति का वैज्ञानिक व आध्यात्मिक अनुष्ठान है, जो मानसिक शांति और रोगों के शमन में सहायक है। सायंकालीन भजन संध्या में हैप्पी चावला ने भजनों से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर किया। यज्ञ की पूर्णाहुति शनिवार रात्रि आठ बजे होगी, जिसमें सैकड़ों भक्त आरती में शामिल होंगे।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

**Succession Certificate कैसे प्राप्त करें? प्रक्रिया, दस्तावेज और पक्षकार**

जब किसी व्यक्ति की मृत्यु के बाद बैंक जमा, FD, शेयर, बीमा राशि या अन्य movable assets प्राप्त करने हों और Nominee दर्ज न हो, तब अक्सर संस्था Succession Certificate की मांग करती है। यह प्रमाणपत्र सिविल अदालत द्वारा जारी किया जाता है और यह तय करता है कि मृतक की वित्तीय देनदारियों पर दावा करने का वैधानिक अधिकार किसे है।

सबसे पहले, आवेदन मृतक के अंतिम निवास क्षेत्र की District Court में दायर किया जाता है। याचिका में मृतक का विवरण, मृत्यु तिथि, संपत्ति का विवरण और संभावित कानूनी वारिसों की जानकारी दी जाती है। आवश्यक दस्तावेज:- Death Certificate, मृतक और आवेदक की पहचान प्रमाण, संपत्ति/राशि का विवरण (बैंक प्रमाण, निवेश विवरण आदि), संभावित वारिसों की सूची, अदालत आवेदन स्वीकार करने के बाद अन्य वारिसों को नोटिस जारी करती है और कई मामलों में सार्वजनिक सूचना (publication) भी करवाई जाती है।

यदि कोई आपत्ति नहीं आती, तो अदालत Succession Certificate जारी कर देती है। यह समझना महत्वपूर्ण है कि अदालत प्रमाणपत्र जारी करते समय court fee वसूल करती है, जो दावा की गई राशि के मूल्य पर निर्भर करती है। कौन-कौन पक्षकार होते हैं? आवेदक (आमतौर पर Legal Heir), अन्य संभावित वारिस, संबंधित बैंक/संस्था (औपचारिक पक्ष के रूप में) Succession Certificate केवल movable assets के लिए लागू होता है। अचल संपत्ति (जमीन, मकान) के लिए अलग कानूनी प्रक्रिया अपनानी होती है।

निष्कर्ष : Succession Certificate परिवार को वित्तीय दावों में कानूनी सुरक्षा देता है। यह भुगतान प्राप्त करने की वैधानिक स्वीकृति है, जिससे संस्था भी सुरक्षित रहती है और वारिसों के बीच विवाद कम होता है। सही दस्तावेज और स्पष्ट प्रक्रिया से यह कदम अपेक्षाकृत व्यवस्थित रूप से पूरा किया जा सकता है।

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

### चार दिन की जिंदगी है, दो गए तेरे मिलने से पहले, दो जाएँगे तेरे बिन ।।

अक्सर कहा जाता है कि पैसा कमाना भी एक कला है। यह बात कुछ हद तक सही भी हो सकती है। ऐसा देखा गया है कि कई लोग बातचीत की कला में बहुत कुशल होते हैं और उनकी बातें दूसरों के दिमाग में जादू सा कर जाती हैं जिससे उन्हें धन कमाने में बहुत मदद मिलती है। बाकि किस्मत का भी बहुत बड़ा हाथ सफलता के पीछे रहता है। अगर किसी ने अपने ज्ञान, मेहनत और किस्मत से खूब पैसा कमा लिया तो उसे सम्भालकर रखना और उसे सही जगह पर खर्च करना और जोड़ना भी एक कला है। मसलन आप की किस्मत और मेहनत ने आपका खूब साथ दिया और आप खूब धनी हो भी गए मगर आपने अपने न भविष्य के लिए कोई पैसा जोड़ा और न ही अपने पैसे को बढ़ाने का कोई प्रयत्न किया तो एक न एक दिन यह सारा पैसा खत्म हो जाएगा और आप हाथ ही मलते रह जाओगे क्योंकि पैसा तो हाथ की मैल है जितना इसे निकालोगे उतना निकलता जाएगा और एक दिन हाथ बिल्कुल साफ हो जाएगा। किस्मत भी बार-बार साथ नहीं देती इसलिए बेहतर तो यही होगा कि वक्त रहते इन्सान सम्भल जाए। अब इसका अभिप्राय यह भी नहीं है कि हम बेहद कंजूसी भरा जीवन जीना शुरू कर दें। जीवन के लिए आवश्यक खर्चे और मानसिक शांति के लिए अपने सभी शौंक भी पूरे करने चाहिएँ मगर अपनी आर्थिक चादर की लम्बाई देखकर। इसी बात को समझाते हुए कवि वृन्द ने क्या खूब कहा है। तेतो पाँव पसारिये, जेतो लॉबी सौर।। यह धन दौलत और शोहरत आनी जानी है या यूं समझो कि एक पानी के बुलबुले की तरह है जिसे सम्भालकर रखना बहुत जरूरी है। अगर वक्त रहते हम न सम्भले तो प्रसिद्ध गीतकार येसुदास का यह गीत सच हो जाएगा कि चार दिन की जिंदगी है, दो गए तेरे मिलने से पहले, दो जाएँगे तेरे बिन ।।

# असंतुलित हुई कार डिवाइडर तोड़ सड़क की दूसरी तरफ बाइक से टकराई, दो की मौत







लुधियाना/यूटर्न/20 फरवरी। फिरोजपुर रोड स्थित एलिवेटिड रोड पर शुक्रवार को एक कार अचानक असंतुलित हो गई। जिसके बाद कार डिवाइडर से टकाकर सड़क की दूसरी तरफ जा रही बाइक से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार और कार चालक की मौत हो गई। बाकी जख्मियों को डीएमसी अस्पताल दाखिल कराया गया है। इस हादसे में बाइक सवार 42 वर्षीय जगदीश कुमार की मौके पर मौत हो गई। जगदीश कुमार कोरियर ब्वाय का काम करता था। वहीं दूसरी तरफ स्विफ्ट चला रहे जर्नालिज्म के स्टूडेंट गौरांश की भी मौत हो गई। थाना डिवीजन नंबर पांच की पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार मृतक गौरांश के पिता फैक्टरी चलाते हैं और उसकी मां हाउस वाइफ है। वहीं जगदीश के दो बच्चे और पत्नी हैं। वह कोरियर कंपनी में कोरियर ब्वाय का काम करता है। शुक्रवार सुबह गौरांश अपने दो दोस्तों के साथ स्विफ्ट कार पर सवार होकर कॉलेज जा रहे थे। इसी दौरान स्विफ्ट कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई और दूसरी तरफ जाकर मोटर साइकिल से टकराई। वहीं बाइक सवार जगदीश अपने बच्चों को स्कूल छोड़कर घर आ रहा था। कार सीधे उससे टकरा गई।







# सरकारी जमीन पर आप नेता के कब्जे मामले में बोले बिट्टू भुल्लर : गिरी हुई राजनीती पर उतरे विपक्षी

लुधियाना/यूटर्न/20 फरवरी। हंबड़ा रोड स्थित देव नगर में पड़ती जमीन को लेकर आम आदमी पार्टी के लीडर सरबजिंद्र सिंह बिट्टू भुल्लर पर कुछ लोगों द्वारा लुधियाना इंप्रूवमेंट ट्रस्ट की जमीन पर कब्जा करने के आरोप लगाए हैं। इस मामले को लेकर सरबजिंद्र सिंह बिट्टू भुल्लर द्वारा प्रेस कांफ्रेस कर आरोपों और झूठी अफवाहों का खंडन किया है। इस दौरान बिट्टू भुल्लर ने कहा कि विपक्षी राजनीतिक पार्टियों के लीडरों द्वारा झूठे आरोपों लगा उन्हें और ईमानदार छवि वाले कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा की छवि को जनता में खराब करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह पहली बार देखने को मिल रहा है कि उनकी तरफ से सालों पहले खरीदी प्रॉपर्टी को लेकर उन पर अवैध कब्जे के आरोप लगाए जा रहे हैं। बिट्टू भुल्लर ने बताया कि उन्होंने देव नगर में अपने नाम पर एक प्रॉपर्टी 2018 में 253 गज की खरीदी। वहीं 2022 में उसके साथ लगता 262.77 गज का प्लॉट पत्नी परमिंद्रजीत कौर और कमलजीत के नाम पर खरीदा। जिसके खसरा नंबर 710 है। दोनों जमीनें ऑन रिकॉर्ड नगर निगम के अधीन है और





चारदीवारी हो रखी है। उनकी रजिस्ट्री के नक्शे में भी यह बात साफ लिखी है कि उनके पड़ोस की जमीन लुधियाना इंप्रूवमेंट ट्रस्ट की है, वह जमीन बाड़ेवाल के अधीन आती है।

## चुनाव नजदीक आते ही आरोप लगने शुरू

बिट्टू भुल्लर अनुसार उन्होंने दोनों प्रॉपर्टियों पर करीब छह महीने पहले निर्माण शुरू किया। आठ साल पहले खरीदी जमीन पर आज तक किसी ने ऑब्जेक्शन नहीं की। मगर अब विधानसभा 2027 के चुनाव नजदीक आ रहे हैं, तो अब विपक्षी लीडरों को वे प्रॉपर्टियां याद आ गईं। विपक्षियों को पता है कि हल्का वेस्ट की जनता उन्हें नकार चुकी है, वह खुद तो अवैध कब्जों के लिए बदनाम है, अब उन्हें लगता है कि दूसरों को भी ऐसे ही बदनाम किया जाए। जिस कारण वे जानबूझकर ऐसी झूठी और गिरी हुई राजनीति करने पर उतर आए हैं। इसी लिए विपक्षियों द्वारा मामले में मंत्री संजीव अरोड़ा का साजिश के तहत नाम लिया जा रहा है, ताकि मामले को तूल मिल सके। जबकि इसमें उनका कोई लेनदेन ही नहीं है।

## पहले विपक्षियों से छुड़वाया था अवैध कब्जा

बिट्टू भुल्लर ने कहा कि उनकी हंबड़ा रोड पर 435 गज की जमीन है। वह जमीन उनकी पत्नी परमिंद्रजीत कौर भुल्लर के नाम पर है। विपक्षी लीडरों द्वारा खुद गिरी हुई राजनीति करते हुए उनकी जमीन पर कब्जा कर लिया गया था। मई 2025 को हाईकोर्ट के आदेशों पर उन्होंने कब्जा छुड़वाया था। भुल्लर ने कहा कि वह अपनी जमीनों के कब्जे छुड़वाने के लिए कोर्ट का सहारा ले रहे हैं, फिर वह कैसे सरकारी जमीन कब्जा सकते हैं। भुल्लर ने कहा कि उनसे एलआईटी अधिकारियों ने दस्तावेज मंगवाए हैं। वह वहां पेश होंगे।

# गाजीपुर रोड की 'सुषमा जॉइनेस्ट' सोसायटी के निवासियों की मुश्किलें बढ़ीं, पानी- बिजली और लिफ्ट की समस्या से जूझ रहे लोग



जीरकपुर, यूटर्न, 20 फरवरी। गाजीपुर रोड स्थित 'सुषमा जॉइनेस्ट' सोसायटी के निवासी इन दिनों नर्क जैसी स्थिति में जीने को मजबूर हैं। सोसायटी में पानी की भारी किल्लत, बार-बार बिजली गुल होना और खराब लिफ्ट जैसी गंभीर समस्याओं ने यहाँ रहने वाले सैकड़ों परिवारों की जिंदगी मुश्किल बना दी है। सोसायटी के निवासियों का कहना है कि उन्होंने इन समस्याओं को लेकर कई बार बिल्डर और मेंटेनेंस टीम से गुहार लगाई, लेकिन हर बार केवल खोखले आश्वासन ही दिए गए। स्थिति इतनी गंभीर है कि लिफ्ट बंद होने के कारण बुजुर्ग और मरीज सीढ़ियों का सहारा लेने को मजबूर हैं, जो उनके स्वास्थ्य के लिए खतरा बन रहा है।

# जीरकपुर में डॉग पाउंड फिर से शुरू: आवारा कुत्तों की समस्या पर प्रशासन ने उठाया कदम

जीरकपुर, यूटर्न, 20 फरवरी। करीब पांच महीनों से बंद पड़े डॉग पाउंड के कारण शहर में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या ने लोगों की चिंता बढ़ा दी थी। कॉलोनियों, बाजारों और मुख्य सड़कों पर झुंड में घूमते कुत्तों के चलते बच्चों, बुजुर्गों और राहगीरों में भय का माहौल बन गया था। नगर परिषद जीरकपुर में इस दौरान डेढ़ सौ से अधिक शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें कुत्तों के काटने, रात के समय हमलों



और स्कूल जाने वाले बच्चों की सुरक्षा जैसी गंभीर समस्याओं का जिक्र था। लगातार बढ़ते जनदबाव और शिकायतों के बाद प्रशासन ने आखिरकार कार्रवाई की। एक सप्ताह पहले विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने जीरकपुर नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी परमिंदर सिंह भट्टी के साथ डॉग पाउंड का दौरा किया और अधिकारियों को कुत्तों की नसबंदी का काम जल्द शुरू करने के निर्देश दिए।

# ‘अपनी मंडियों’ में प्रतिबंधित प्लास्टिक का धड़ल्ले से उपयोग, प्रशासनिक सख्ती पर उठे सवाल









अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/20 फरवरी। केंद्र सरकार द्वारा सिंगल-यूज प्लास्टिक और प्रतिबंधित प्लास्टिक लिफाफों पर रोक के बावजूद शहर में इनका उपयोग पूरी तरह थमता नजर नहीं आ रहा। चंडीगढ़ एडमिनिस्ट्रेशन और म्युनिसिपल कारपोरेशन चंडीगढ़ की ओर से समय-समय पर जागरूकता अभियान और चालान कार्रवाई किए जाने के बावजूद ‘अपनी मंडियों’ और सब्जी बाजारों में प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग खुलेआम इस्तेमाल होते दिख रहे हैं। शहर के विभिन्न सेक्टरों में लगने वाली ‘अपनी मंडी’ में बड़ी संख्या में सब्जी और फल विक्रेता प्लास्टिक लिफाफों का उपयोग करते पाए गए। जब विक्रेताओं से इस बारे में बातचीत की गई तो उनका कहना था कि ‘जब तक बड़ी कंपनियों के स्तर पर निर्माण बंद नहीं होगा, तब तक छोटे दुकानदारों पर कार्रवाई से समस्या हल नहीं होगी।’ कुछ दुकानदारों ने यह भी दावा किया कि वे थोक में मिलने वाले सस्ते लिफाफे खरीदते हैं, क्योंकि ग्राहक भी इन्हीं की मांग करते हैं। हालांकि कुछ दुकानों पर बायोडिग्रेडेबल और कपड़े के थैलों का उपयोग देखा गया, लेकिन प्रतिबंधित प्लास्टिक बैग बड़ी मात्रा में प्रचलन में हैं। शहर की मुख्य सब्जी मंडी, सेक्टर 26 ग्रेन मार्किट, में भी प्लास्टिक लिफाफों की खपत अधिक बताई जा रही है।

सूत्रों के अनुसार प्रतिबंधित लिफाफे चंडीगढ़ की कुछ कॉलोनियों और आसपास के क्षेत्रों के साथ-साथ पंजाब से भी शहर में पहुंच रहे हैं। आरोप है कि मुनाफाखोरी के चलते कुछ कारोबारी खुलेआम इनका व्यापार कर रहे हैं, जिससे पर्यावरण प्रदूषण बढ़ रहा है। प्रशासन की ओर से समय-समय पर छापेमारी और जुर्माना कार्रवाई की जाती रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं दिख रहा। विशेषज्ञों का मानना है कि केवल दंडात्मक कार्रवाई से समस्या का समाधान संभव नहीं है, जब तक उपभोक्ताओं और विक्रेताओं दोनों में व्यापक जागरूकता और व्यवहारिक बदलाव नहीं आएगा। अब देखना होगा कि प्रशासन इस मुद्दे पर कितनी प्रभावी और सतत कार्रवाई करता है, ताकि पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य को धरातल पर सफल बनाया जा सके।

# सेक्टर 31 थाना पुलिस ने हत्या मामले में एक और आरोपी को किया गिरफ्तार

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/20 फरवरी। हत्या के मामले में सेक्टर-31 थाना पुलिस ने सफलता हासिल करते हुए एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई यूटी एसएसपी कंवरदीप कौर के निर्देशों तथा एसडीपीओ साउथ गुरजीत कौर की निगरानी में की गई। पुलिस के अनुसार सेक्टर-31 थाने के एसएचओ इंस्पेक्टर राजीव कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने आरोपी शेमल सिंह को 19 फरवरी 2026 को गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर-31 में दर्ज एफआईआर नंबर 23 दिनांक 06.02.2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धाराएं 115(2), 140(3), 142, 3(5) तथा धारा 103 जोड़ी गई हैं। पुलिस के



अनुसार 5 फरवरी 2026 को शाम करीब 5:20 बजे वायरलेस के माध्यम से सूचना मिली कि हल्लोमाजरा स्थित दीप कॉम्पलेक्स में एक व्यक्ति के साथ गंभीर वारदात हुई है। पुलिस मौके पर पहुंची तो हल्लोमाजरा निवासी शिकायतकर्ता विजय कुमार ने बताया कि वह अपने रिश्तेदार सुशील उर्फ साहिल के साथ निजी कार्य से पेहोवा (अंबाला, हरियाणा) गए थे और शाम को लौटे थे। शिकायतकर्ता के अनुसार करीब 4:30 बजे कुछ युवकों ने मोटरसाइकिलों पर आकर साहिल को उसकी कार से जबरन बाहर निकाला और उसका अपहरण कर फरार हो गए। जांच में सामने आया कि पूर्व में सुशील की कार से जुड़े एक हादसे में मनप्रीत नामक युवक की मौत हो गई थी। यह मामला थाना जीरकपुर (पंजाब) में एफआईआर नंबर 546/2025 के तहत दर्ज है। प्रारंभिक जांच में इस घटना को उसी रंजिश का परिणाम बताया गया।

### पहले तीन आरोपी हो चुके हैं गिरफ्तार

जांच के दौरान पुलिस ने 7 फरवरी 2026 को तीन आरोपियों मोहित (19), रजनीश कुमार उर्फ अड्डी उर्फ किलविश (19) तथा रमन सिंह उर्फ नेगी (23) को गिरफ्तार किया था। अब चौथे आरोपी शेमल सिंह की गिरफ्तारी के साथ मामले में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच जारी है और अन्य पहलुओं की भी पड़ताल की जा रही है। आरोपियों को अदालत में पेश कर रिमांड हासिल किया जाएगा ताकि वारदात से जुड़े अन्य तथ्यों का खुलासा किया जा सके।

# रिटायर्ड इंस्पेक्टर के परिवार पर दहेज हत्या का केस दर्ज, अमेरिका बसने के लिए पैसों की मांग का आरोप

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/20 फरवरी। दहेज उत्पीड़न और संदिग्ध मौत के मामले में सेक्टर-51 स्थित पुलिस सोसायटी निवासी रिटायर्ड इंस्पेक्टर सरवन सिंह के परिवार के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। शिकायत में आरोप है कि उनके बेटे गगनदीप सिंह ने अमेरिका में बसने के लिए दहेज की मांग की और पत्नी अमनदीप कौर को प्रताड़ित किया, जिसके चलते उसने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। मृतका के भाई इंद्रजीत पाल सिंह की शिकायत पर चंडीगढ़ पुलिस ने थाना सेक्टर-49 में सरवन सिंह, उनकी पत्नी गुरजीत कौर और बेटे गगनदीप सिंह के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले में लापरवाही बरतने के आरोप में थाना सेक्टर-49 के प्रभारी ओमप्रकाश को लाइन हाजिर किया गया है।

### कनाडा से भारत लौटे थे

शिकायत के अनुसार, अमनदीप कौर की शादी गगनदीप सिंह से हुई थी, जिसके बाद दोनों कनाडा में रह रहे थे। दंपती की एक बेटी भी है। फरवरी 2025 में सरवन सिंह के चंडीगढ़ पुलिस से इंस्पेक्टर पद से सेवानिवृत्त होने पर परिवार भारत आया था। परिजनों का आरोप है कि गगनदीप अमेरिका में स्थायी रूप से बसना चाहता था और इसके लिए पत्नी के मायके पक्ष से पैसों की मांग कर रहा था। शिकायत में यह भी कहा गया है कि गगनदीप के किसी अन्य महिला से संबंध थे, जिससे दंपती के बीच विवाद बढ़ गया।

### विसरा रिपोर्ट में जहर की पुष्टि

अमनदीप की मौत के बाद विसरा नमूना जांच के लिए (सीएफएसएल) भेजा गया था। रिपोर्ट में जहरीले पदार्थ से मौत की पुष्टि हुई है। परिजनों का आरोप है कि विसरा रिपोर्ट आने के बावजूद पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज नहीं किया। इसके बाद डीजीपी डॉ. सागर प्रीत हुड्डा से गुहार लगाई गई। उच्चाधिकारियों के निर्देश के बाद एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच विभिन्न पहलुओं से की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# स्नैचिंग केस में बड़ी सफलता: 2024 के मामले का भगोड़ा आरोपी गिरफ्तार

चंडीगढ़, यूटर्न, 20 फरवरी। स्नैचिंग के वर्ष 2024 के एक मामले में घोषित भगोड़े आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। कार्रवाई यूटी चंडीगढ़ की एसएसपी कंवरदीप कौर के निर्देश पर की गई। इस अभियान की निगरानी एसपी सिटी के.एम प्रियंका, एसडीपीओ नॉर्थ-ईस्ट विजय सिंह, मौलीजागरां थाना प्रभारी हरिओम शर्मा, पुलिस स्टेशन पुलिस स्टेशन मौलीजागरां द्वारा की गई। थाना मौलीजागरां की टीम, एएसआई रमेश कुमार के नेतृत्व में, गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए घोषित अपराधी को गिरफ्तार करने में सफल रही। यह मामला एफआईआर नंबर 13, दिनांक 18.02.2024 के तहत धारा 379-ए, 34 आईपीसी एवं बाद में जोड़ी गई धारा 411 आईपीसी के अंतर्गत दर्ज किया गया था। मौलीजागरां सुन्दर नगर निवासी शिकायतकर्ता राम अवध ने बताया था कि 18 फरवरी 2024 को वह राजपुरा (पंजाब) से काम कर घर लौट रहे थे। जब वह सुखना चौ ब्रिज से हल्लोमाजरा लाइट प्वाइंट की ओर पहुंचे, तभी दो युवकों ने उनका मोबाइल फोन (सैमसंग गैलेक्सी ख2 प्रो) और 5000 रुपये नकद व आधार कार्ड छीन लिया और फरार हो गए।




जांच के दौरान 24 फरवरी 2024 को आरोपी राहुल सैनी उर्फ चेला और रॉबिन कुमार को गिरफ्तार किया गया था। रॉबिन के कब्जे से स्नैच किया गया मोबाइल बरामद हुआ, जबकि राहुल से 1300 रुपये नकद और आधार कार्ड बरामद किया गया। दोनों को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया था।

यूटर्न टाइम

## जालंधर में सरकारी जमीन पर निर्माण पर सियासी बवाल, अंगुराल का आरोप- कैबिनेट मंत्री के रिश्तेदारों ने पार्क की जमीन पर कब्जा किया

जालंधर/यूटर्न/20 फरवरी। जालंधर के थाना भार्गव कैंप के पीछे सरकारी जमीन पर रातों-रात हुए अवैध निर्माण ने सियासी गलियारों में तूफान खड़ा कर दिया है।




भाजपा नेता और पूर्व विधायक शीतल अंगुराल ने पंजाब के कैबिनेट मंत्री महिंद्र भगत पर अपने रिश्तेदारों और चहेतों को करोड़ों की सरकारी जमीन पर कब्जा करवाने का सीधा आरोप लगाया है। अंगुराल का दावा है कि जिस जमीन पर पार्क बनना था, वहां रातों-रात दीवारें खड़ी कर दी गई हैं। उन्होंने इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच और नगर निगम कमिश्नर व पुलिस कमिश्नर से तुरंत कार्रवाई की मांग की है। हालांकि मामले संबंधी अभी कैबिनेट मंत्री मोहिंद्र भगत का बयान सामने नहीं आया है। रातों-रात खड़ी कर दी गई दीवारें जालंधर में सरकारी जमीन के कथित 'लैंड स्कैम' का मामला उस समय गरमा गया जब पूर्व विधायक शीतल अंगुराल ने सोशल मीडिया पर लाइव होकर थाना भार्गव कैंप के पीछे हो रहे अवैध निर्माण का खुलासा किया। अंगुराल ने वीडियो दिखाते हुए आरोप लगाया कि जिस जगह पर कुछ ही दिनों में सरकारी पार्क का उद्घाटन होना था, वहां कैबिनेट मंत्री महिंद्र भगत के संरक्षण में अवैध दीवारें और दुकानें खड़ी कर दी गई हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि अगर इस जमीन की रजिस्ट्री पहले से किसी के पास थी, तो ये 'मालिक' पिछले 30 सालों से कहां गायब थे?

## आईएमएफ चीफ की चेतावनी, एआई सुनामी दुनिया की 40% नौकरियों पर असर डाल सकती है, भारत को शिक्षा में सुधार करना होगा



चंडीगढ़/यूटर्न/20 फरवरी। इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड (आईएमएफ) की मैनेजिंग डायरेक्टर क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने चेतावनी दी है कि दुनिया भर में लगभग 40 परसेंट वर्कफोर्स खासकर एंट्री-लेवल रोल्स आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और एआई से चलने वाली टेक्नोलॉजिकल रुकावट से प्रभावित हो सकते हैं, उन्होंने इस बदलाव की तुलना लेबर मार्केट में आई सुनामी से की। आईएमएफ-सपोर्टेड रिसर्च का हवाला देते हुए, जॉर्जीवा ने कहा कि यह रुकावट एडवांस्ड इकॉनमी में 60 परसेंट तक नौकरियों पर असर डाल सकती है, जबकि भारत में यह आंकड़ा 26 परसेंट के करीब हो सकता है। यह अंतर इकॉनमिक स्ट्रक्चर और ऑटोमेशन की स्पीड में अंतर को दिखाता है, लेकिन उन्होंने चेतावनी दी कि कोई भी देश इससे बचा नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ये आंकड़े सरकारों को अपनी आबादी को एआई से चलने वाली इकॉनमी के लिए तैयार करने की तुरंत जरूरत को दिखाते हैं।

## अमेरिका के गुरुद्वारा साहिब से लुधियाना के सिख का अपहरण, रसोइये का काम करता था अवतार सिंह




पंजाब/यूटर्न/20 फरवरी। अमेरिका के कैलिफोर्निया में ट्रेसी सिटी के गुरुद्वारा परिसर से एक सिख व्यक्ति का अपहरण हो गया है। अवतार सिंह का अपहरण उस समय हुआ जब वो गुरुद्वारा परिसर में था। पुलिस को इस मामले में एक सीसीटीवी फुटेज मिली है जिसमें तीन अज्ञात लोग दिख रहे हैं और एक सफेद रंग की एक्सयूवी कार दिख रही है। अवतार सिंह मूलरूप से लुधियाना के रहने वाला है लेकिन कई वर्षों से उसका परिवार कैलिफोर्निया में ही है। अवतर सिंह की उम्र 57 साल बताई जा रही है और वो ट्रेसी स्थिति गुरुद्वारा साहिब में लंबे समय से रसोइए के रूप में कार्य कर रहे थे और गुरुद्वारा परिसर में ही रहते थे। परिवार ने अपहरण की शिकायत स्थानीय पुलिस सैन जोआक्विन काउंटी शेरिफ ऑफिस को दे दी है। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय पुलिस ने अवतार सिंह की फोटो व एक्सयूवी कार की फोटो अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपलोड करके लोगों से जानकारी मांगी है। पुलिस के अनुसार 17 फरवरी को लगभग शाम 8:52 बजे उन्हें किसी व्यक्ति के लापता होने की सूचना मिली तो वो पेट्रोल डिप्टी ट्रेसी के डब्ल्यू ग्रांट लाइन रोड के 16000 ब्लॉक में पहुंचे। जांच के दौरान निगरानी फुटेज में एक सफेद एसयूवी और गहरे कपड़े पहने तीन अज्ञात व्यक्ति लगभग दोपहर 2:30 बजे पीड़ित के साथ दिखाई दिए।

## सिंगर ने उड़ाया कांग्रेस प्रधान के 12x5=48 बयान का मजाक, गाया- दारू पीके भाभी नूं साली नीं कैहंदा, खादी-पीती च वी 12 पांजे अड़ताली नीं कैहंदा

पंजाब/यूटर्न/20 फरवरी। पंजाब कांग्रेस के प्रधान राजा वडिंग के बयान पर मीम बनने के बाद अब सॉन्ग बनने भी शुरू हो गए हैं। कांग्रेस प्रधान के जनवरी में दिए 12 गुना 5 बराबर 48 के बयान पर लुधियाना के डुएट सिंगर पिंदू शाह ने सॉन्ग रिलीज किया है। इसमें उन्होंने वडिंग और बिना सोचे समझे बोलने वालों पर तंज कसा है। गीत के बोलों में पत्नी बनी सिंगर कहती हैं कि जट्टा तुम पागल हो गए हो जो बिना सोचे समझे कुछ भी कहे जा रहे हो। इस पर पति जवाब देता है कि मैं ज्यादा दारू पीने पर भी कभी भाभी को साली नहीं कहता, खा पीके भी 12 पांजे 48 नहीं कहता।



### दो दिन पहले रिलीज हुआ गीत

पंजाबी सिंगर पिंदे शाह ने 2 दिन पहले ही इस गीत को अपने यूट्यूब पर रिलीज किया। राजा वडिंग के बयान से जुड़ा होने के चलते ये गीत तेजी से वायरल हो रहा है और 2 दिन में ही इसे 50 हजार के करीब व्यूज मिल चुके हैं। गीत का टाइटल मैथेमेटिक में 12x5 =48 रखा गया है। बता दें कि पंजाब में 4 साल बाद भी महिलाओं को आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के 1 हजार रुपए महीना न देने पर राजा वड़िंग की जुबान फिसल गई थी। एक रैली में वड़िंग ने कहा था कि अगर आप वोट मांगने आए तो पहले उनसे पूछना कि पहले 4 साल के बकाया रुपए दो। इसी दौरान 12 गुणा 5 को वड़िंग ने 60 की जगह 48 बता दिया था।

## बरनाला में रुकेगी वंदे भारत, दो मिनट का स्टॉपेज, यात्रियों की संख्या के आधार स्थाई



पंजाब/यूटर्न/20 फरवरी। पंजाब के बरनाला में रेल मंत्रालय ने वंदे भारत एक्सप्रेस के स्टॉपेज की घोषणा काफी समय पहले कर दी थी। आज से बरनाला स्टेशन पर वंदे भारत एक्सप्रेस रुकना शुरू हो जाएगी। यह जानकारी रेल राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने सांझा की।

बरनाला में वंदे भारत एक्सप्रेस का दो मिनट का स्टॉपेज रहेगा। रवनीत सिंह बिट्टू ने अपने वीडियो संदेश में कहा है कि रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने फिरोजपुर कैंटझदिल्ली जंक्शनझ फिरोजपुर कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस का बरनाला (बीएनएन) स्टेशन पर स्टॉपेज देने का निर्णय लिया है। यह व्यवस्था 20 फरवरी यानि आज से लागू होगी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार यह ठहराव फिलहाल प्रायोगिक है। यात्रियों की संख्या और प्रतिक्रिया के आधार पर इसे स्थायी बनाने पर निर्णय लिया जाएगा। बरनाला और आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को इससे बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

### वंदे भारत एक्सप्रेस का बरनाला पहुंचने का शेड्यूल

ट्रेन संख्या 26462 फिरोजपुर कैंटझदिल्ली जंक्शन वंदे भारत एक्सप्रेस बठिंडा (BTI) से सुबह 9:10 बजे पहुंचकर 9:15 बजे रवाना होगी। इसके बाद बरनाला स्टेशन पर सुबह 9:59 बजे पहुंचेगी और 10:01 बजे प्रस्थान करेगी। आगे यह धूरी जंक्शन (DUI) पर 10:24 बजे पहुंचेगी तथा 10:26 बजे रवाना होगी। वहीं, ट्रेन संख्या 26461 दिल्ली जंक्शनझफिरोजपुर कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस धूरी जंक्शन पर शाम 7:56 बजे पहुंचेगी और 7:58 बजे रवाना होगी। बरनाला स्टेशन पर यह ट्रेन रात 8:20 बजे पहुंचेगी और 8:22 बजे प्रस्थान करेगी। इसके बाद बठिंडा में 9:15 बजे पहुंचकर 9:20 बजे रवाना होगी।

## मालण गांव में गुरु रविदास मंदिर निर्माण रोके जाने पर धरना, बसपा ने प्रशासन के खिलाफ जताया रोष

डेराबस्सी, यूटर्न, 20 फरवरी। हलका डेराबस्सी के अंतर्गत गांव मालण में गुरु रविदास जी के मंदिर निर्माण को प्रशासन द्वारा रुकवाए जाने के विरोध में समुदाय के लोगों ने एसडीएम कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन किया। धरने का नेतृत्व जगजीत सिंह छड़बड़, प्रदेश महासचिव, बहुजन समाज पार्टी (पंजाब) ने किया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि गांव मालण में अन्य सभी धर्मस्थल बने हुए हैं, लेकिन गुरु रविदास जी के मंदिर का निर्माण कार्य प्रशासन ने रुकवा दिया है, जिससे रविदास समाज में भारी रोष है।



इस संबंध में करीब दो महीने पहले एसडीएम डेराबस्सी को लिखित शिकायत भी दी गई थी, परंतु अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसी के विरोध में बसपा कार्यकर्ताओं और गुरु रविदास जी को मानने वाली संगत ने एसडीएम कार्यालय डेराबस्सी के बाहर धरना दिया। धरने को संबोधित करते हुए जगजीत सिंह छड़बड़ ने कहा कि सतगुरु रविदास जी ने समाज को समानता और अधिकारों का संदेश दिया है, लेकिन आज भी उनके अनुयायियों के साथ भेदभाव किया जा रहा है। उन्होंने राज्य की आम आदमी पार्टी सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि सरकार को तुरंत हस्तक्षेप कर मामले का समाधान करना चाहिए। धरने के दौरान कुछ समय के लिए तनाव की स्थिति भी बन गई। प्रदर्शनकारियों ने एसडीएम से मुलाकात की मांग को लेकर घेराव करने की कोशिश की, इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हल्की धक्का-मुक्की भी हुई।

# कांसल युवक की संदिग्ध मौत: परिजनों ने उठाए जांच पर सवाल, निष्पक्ष जांच की मांग

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/20 फरवरी। कांसल निवासी 25 वर्षीय पंकज की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद परिजनों ने पुलिस जांच पर सवाल खड़े किए हैं। युवक का शव 14 फरवरी की शाम सुखना लेक के पीछे चंडीगढ़ गोल्फ क्लब के नजदीक झाड़ियों में मिला था। घटनास्थल से कुछ दूरी पर उसकी सीटी-100 मोटरसाइकिल लावारिस हालत में खड़ी थी। सूचना पर थाना सेक्टर-26 की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। हालांकि, छह दिन बीतने के बाद भी परिवार को मौत के कारणों की स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई है, जिससे परिजन आक्रोशित हैं।



## परिजनों की निष्पक्ष जांच की मांग

परिवार ने मांग की है कि मामले की निष्पक्ष और गहन जांच कर यह स्पष्ट किया जाए कि पंकज किन परिस्थितियों में वहां पहुंचा और उसकी मौत कैसे हुई। फिलहाल, शहर में इस घटना को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं और परिजन सच्चाई सामने आने का इंतजार कर रहे हैं।

## 10 फरवरी से था लापता

परिवार के अनुसार, पंकज 9 फरवरी को मोहाली स्थित एक नशा मुक्ति केंद्र से 45 दिन बाद घर लौटा था। अगले दिन वह बाल कटवाने की बात कहकर घर से निकला, लेकिन वापस नहीं आया। परिजनों का कहना है कि 10 फरवरी से लापता होने की सूचना पुलिस को दी गई थी, मगर शुरूआती स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। मृतक की मां ने भावुक होकर कहा कि जब उनका बेटा लापता था, तब उसे तलाशने के लिए गंभीर प्रयास नहीं किए गए। अब पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज खुद देखने की बात कही जा रही है। परिवार का दावा है कि कुछ फुटेज में पंकज दो युवकों के साथ दिखाई दे रहा है, जिनके मोबाइल फोन फिलहाल बंद बताए जा रहे हैं।

## कैमरे खराब, रिपोर्ट लंबित

परिजनों का आरोप है कि गोल्फ क्लब क्षेत्र में लगे कुछ सीसीटीवी कैमरे खराब बताए गए। साथ ही, जांच अधिकारी से संपर्क करने पर भी संतोषजनक जवाब नहीं मिल रहा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट की प्रति भी अभी तक परिवार को उपलब्ध नहीं करवाई गई है। वहीं, थाना सेक्टर-26 के एसएचओ का कहना है कि पोस्टमार्टम प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। रिपोर्ट संबंधित जांच अधिकारी के पास है और परिवार चाहे तो थाने आकर जानकारी प्राप्त कर सकता है।

# डिजिटल जनगणना की ओर चंडीगढ़: 2026 में हाउस लिस्टिंग, 2027 में आबादी गणना; 2800 कर्मी होंगे तैनात

चंडीगढ़/यूटर्न/20 फरवरी। जनगणना 2027 को लेकर प्रशासनिक तैयारियां अब जमीनी स्तर पर उतरने लगी हैं। यूटी के मुख्य सचिव एच. राजेश प्रसाद ने उच्चाधिकारियों के साथ बैठक कर स्पष्ट किया कि इस बार पूरी प्रक्रिया तकनीक आधारित होगी और हर घर तक सटीक डेटा पहुंचाना प्राथमिकता रहेगी।



## दो चरणों में होगा पूरा अभियान

प्रशासनिक योजना के मुताबिक पहला चरण मई 2026 से शुरू होगा, जिसमें हाउस लिस्टिंग एवं हाउसिंग जनगणना की जाएगी। इसके तहत मकानों की स्थिति, सुविधाओं और बुनियादी ढांचे का विवरण एकत्र किया जाएगा। दूसरा चरण फरवरी 2027 में जनसंख्या गणना के रूप में आयोजित होगा, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति का डेटा दर्ज किया जाएगा।

## 10 जोन, तय जवाबदेही

पूरे शहर को 10 चार्ज (जोन) में विभाजित किया जाएगा। प्रत्येक जोन की जिम्मेदारी एसडीएम और वरिष्ठ विभागाध्यक्षों को सौंपी जाएगी। वार्डवार अधिकार क्षेत्र तय कर निगरानी प्रणाली मजबूत की जाएगी। इस व्यापक अभियान के लिए लगभग 2800 अधिकारी और कर्मचारी नियुक्त किए जाएंगे।

## प्रशिक्षण और डिजिटल निगरानी

फरवरी से अप्रैल 2026 तक चरणबद्ध प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित होंगे। 20 फरवरी से 29 अप्रैल के बीच कर्मचारियों को टैबलेट आधारित सर्वे, डेटा एंट्री, गुणवत्ता जांच और डिजिटल मॉनिटरिंग की तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद हाउस लिस्टिंग ब्लॉक क्रिएशन (एचएलबीसी) को अंतिम रूप दिया जाएगा। पूरी प्रक्रिया डाय्री ड्डा ड्री रजिस्ट्रार जनरल एंड सेंसस कमिश्नर , इंडिया के दिशा-निर्देशों के अनुरूप संचालित होगी। सेंसेस मैनेजमेंट मॉनिटरिंग सिस्टम (सीएमएमएस) और एचएलबी क्रिएटर ऐप के माध्यम से डेटा का संकलन और रियल-टाइम ट्रैकिंग की जाएगी।

## प्री-मैपिंग डेटा से बढ़ेगी सटीकता

प्रशासन मौजूदा प्री-मैपिंग और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से मिले आंकड़ों का भी उपयोग करेगा। हालिया सत्यापन में 6100 मतदाताओं के रिकॉर्ड में त्रुटियां सामने आई हैं। डिप्टी कमिश्नर एवं जिला जनगणना अधिकारी निशांत कुमार यादव के अनुसार लगभग 62.5 प्रतिशत सत्यापन कार्य पूरा हो चुका है।

## आंकड़ों का परिप्रेक्ष्य

चंडीगढ़ में इस समय करीब 6.4 लाख पंजीकृत मतदाता हैं, जबकि अनुमानित आबादी 13.64 लाख के आसपास आंकी गई है। प्रशासन का मानना है कि डिजिटल व्यवस्था और पूर्व सत्यापन के आधार पर 2027 की जनगणना अधिक सटीक और पारदर्शी होगी। मुख्य सचिव ने कहा कि तय समयसीमा में दोनों चरण पूरे किए जाएंगे और वरिष्ठ अधिकारी फील्ड में निगरानी रखेंगे, ताकि किसी भी स्तर पर त्रुटि की गुंजाइश न रहे।

# रोज फेस्टिवल चंडीगढ़ का भव्य आगाज

## 'जीरो वेस्ट' थीम के साथ तीन दिवसीय उत्सव की शानदार शुरूआत





अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/20 फरवरी। सिटी ब्यूटीफुल चंडीगढ़ में प्रकृति, संस्कृति और जनभागीदारी के संगम का प्रतीक 54वें रोज फेस्टिवल-2026 का शुक्रवार को सेक्टर-16 स्थित जाकिर हुसैन रोज गार्डन में भव्य शुभारंभ हुआ। तीन दिवसीय इस पुष्प महोत्सव का उद्घाटन पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने अपनी पत्नी श्रीमती अनीता कटारिया के साथ किया। उद्घाटन समारोह में मेयर सौरभ जोशी , मुख्य सचिव एच. राजेश प्रसाद, गृह सचिव मंदीप सिंह बराड़, नगर निगम आयुक्त अमित कुमार सहित प्रशासन और नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी, पार्षद एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## 'गुलाब फूलों की रानी' – राज्यपाल

राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि हर फूल की अपनी अलग पहचान और सुंदरता होती है, लेकिन गुलाब को 'फूलों की रानी' का दर्जा प्राप्त है। यह प्रेम, करुणा और सौंदर्य का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि रोज गार्डन में सैर करना किसी सुंदर कहानी को पढ़ने जैसा अनुभव देता है ।उन्होंने इस आयोजन की परिकल्पना करने वाले प्रसिद्ध प्रशासक और प्रकृति प्रेमी एमएस रंधावा को याद किया तथा बताया कि यह गार्डन भारत के पूर्व राष्ट्रपति जाकिर हुसैन के नाम पर है, जो स्वयं भी प्रकृति और बागवानी के प्रति गहरा लगाव रखते थे।

# जीरकपुर में ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा घोटाले का खुलासा, पुलिस ने गिरोह के खिलाफ किया मामला दर्ज

जीरकपुर, यूटर्न, 20 फरवरी। थाना जीरकपुर पुलिस ने क्रिकेट मैच के नाम पर ऑनलाइन सट्टा लगवाकर लोगों से ठगी करने वाले गिरोह के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस को तड़के करीब 2:30 बजे पटियाला चौक पर गश्त के दौरान एक मुखबिर से सूचना मिली कि फ्लैट नंबर 441, ब्लॉक डी-3, छठी मंजिल, पैटां हैम्स, जीरकपुर में कुछ लोग आम लोगों को अधिक मुनाफे का लालच देकर ऑनलाइन सट्टा के नाम पर पैसे अपने खातों में ट्रांसफर करवाकर हड़प रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए एएसआई गुरनाम सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई की तैयारी की। आरोपियों की पहचान मुहम्मद शाह आलम, मुहम्मद शाह नवाज समसी और करण गौरव के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार आरोपियों के कब्जे से बड़ी संख्या में मोबाइल फोन बरामद होने की संभावना है, जिनके जरिए लोगों को झांसे में लिया जाता था। इस संबंध में आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम की धाराओं 3 और 4 तथा भारतीय दंड संहिता की धारा 318(4) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने कंट्रोल रूम को सूचना देकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है और मामले की जांच जारी है।



# मीना बाजार में लंगर का आयोजन

लुधियाना 19 फरवरी। दिनेश मौदगिल मीना बाजार में युवा नेता लक्की सेखड़ी की तरफ से वार्षिक लंगर का आयोजन किया गया। जिसमें समाज सेवक पवन ठाकुर, शैंकी, अलका मल्होत्रा और संजीव गिल खंडू विशेष मेहमानों के तौर पर शामिल हुए। इस अवसर पर लक्की सेखड़ी, निर्वेद बब्बी, दिनेश कुमार, विशाल सेखड़ी, गणेश रावत आदि भी विशेष तौर पर शामिल हुए।



# सोनू शाह हत्याकांड में बड़ा फैसला

## तीन शूटरों को उम्रकैद, गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई समेत पांच आरोपी बरी

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/20 फरवरी। शहर के बहुचर्चित सोनू शाह हत्याकांड में शुक्रवार को जिला अदालत ने बड़ा फैसला सुनाते हुए तीन दोषियों शुभम, मंजीत और राजन उर्फ जाट को उम्रकैद की सजा सुनाई। अदालत ने पाया कि यही तीनों आरोपी 28 सितंबर 2019 को बुड़ैल स्थित ऑफिस में घुसकर प्रॉपर्टी डीलर राजवीर सिंह उर्फ सोनू शाह पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाने वाले शूटर थे। हालांकि, इस मामले में नामजद मुख्य आरोपी और कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई समेत पांच अन्य आरोपियों को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया गया। मृतक के बड़े भाई प्रवीण शाह ने अदालत में तीनों शूटरों की शिनाख्त की थी। अभियोजन पक्ष के अनुसार, यही गवाही केस की सबसे अहम कड़ी साबित हुई। प्रवीण ने बयान दिया था कि वारदात वाले दिन वह ऑफिस के बाहर खड़ा था, तभी हथियारबंद युवक अंदर घुसे और सोनू पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। गोलियां सिर और शरीर के कई हिस्सों में लगीं। हमलावर वारदात के बाद मौके से फरार हो गए।



### अस्पताल में हुई थी मौत

गंभीर रूप से घायल सोनू शाह को तुरंत गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज ल्ल हॉस्पिटल (जीएमसीएच-32) ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस हत्या ने उस समय पूरे शहर में सनसनी फैला दी थी।

### गैंगस्टर कनेक्शन साबित नहीं

पुलिस का दावा था कि हत्या की साजिश जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के इशारे पर रची गई थी। केस में दीपक रंगा, अभिषेक उर्फ बंटी, राजू बसोदी, धर्मेंद्र सहित कुल आठ आरोपियों को नामजद किया गया था।लेकिन अदालत में पर्याप्त सबूत पेश न होने के कारण लॉरेंस बिश्नोई समेत पांच आरोपियों को बरी कर दिया गया।

### अन्य मामलों में भी नाम

बरी हुए आरोपियों में दीपक रंगा का नाम कई संगीन मामलों में सामने आ चुका है। वह मोहाली स्थित पंजाब इंटेलिजेंस हेडक्वार्टर पर हुए आरपीजी हमले के मामले में भी आरोपी रह चुका है।

### 2019 की सनसनीखेज वारदात

8 सितंबर 2019 को दिनदहाड़े चंडीगढ़ सेक्टर 45 स्थित सोनू शाह के ऑफिस में घुसकर की गई इस हत्या ने शहर की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए थे। पांच साल बाद आए इस फैसले को पीड़ित परिवार के लिए आंशिक न्याय माना जा रहा है।

# स्कूटी सवार युवती को अज्ञात कार ने मारी टक्कर, मामला दर्ज

जगरांव/यूटर्न/20/फरवरी। पुलिस द्वारा साझा की गई क्राइम रिपोर्ट के अनुसार थाना सदर जगरांव के अधीन पुलिस चौकी काउंके कलां में सड़क दुर्घटना का मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच एएसआई धर्मिंदर सिंह कर रहे हैं। शिकायतकर्ता परमनीत कौर मल्लि पुत्री सुखराज सिंह मल्लि निवासी दौधर ने बयान में बताया कि वह कमल चौक स्थित एक सैलून में मेकअप आर्टिस्ट का कोर्स कर रही है और रोजाना अपनी स्कूटी से जगराओं आती-जाती है। 11 फरवरी को सुबह जब वह गांव डागियां से आगे चूहरचक अड्डा के पास पहुंची तो एक सफेद रंग की कार उसके पीछे आ गई।

# 15 परिवार हुए भाजपा में शामिल की





चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/20/फरवरी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गरीब हितैषी नीतियों से प्रभावित होकर दाखा विधानसभा क्षेत्र के गांव हसनपुर में 15 परिवार भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजिंदर शर्मा, उपाध्यक्ष संजीव ढंड, स. जगजीवन सिंह रकबा, शुभम मुल्लापुर जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा, जगतार सिंह बांगड़ अध्यक्ष एससी मोर्चा, सुरेश गर्ग की मौजूदगी में जिला अध्यक्ष डॉ. राजिंदर शर्मा ने परिवारों का स्वागत किया और उम्मीद जताई कि आने वाले दिनों में दाखा विधानसभा क्षेत्र में और भी परिवार पार्टी में शामिल होंगे और पार्टी आने वाले विधानसभा चुनावों में जोरदार प्रदर्शन करके अपनी सरकार बनाएगी। इस मौके पर कुलजीत सिंह, जगवीर सिंह, सरपंच हरजीत सिंह, पवन कुमार, दीप सिंह, जसवीर सिंह, अमनदीप कौर, गुरप्रीत कौर, सावित्री देवी, इंद्रजीत कौर, बलविंदर कौर, परमजीत कौर, राजा दशरथ, गंजल कौर, बलदेव सिंह, बलवीर सिंह, गुरवीर सिंह, बलवंत सिंह, तरसेम सिंह, गुरमीत सिंह, गोपी, गुरप्रीत सिंह, परगट सिंह, सरबजीत सिंह, स्वर्ण सिंह, सुरजीत सिंह, बहल सिंह, तारी, सुखविंदर सिंह, मुख्तियार कौर, वसाखा सिंह आदि परिवारों ने भाग लिया। सरपंच हरजीत सिंह ने मौजूद लीडरशिप को भरोसा दिलाया कि वह पार्टी को मजबूत करने के लिए तन-मन से काम करेंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनहितैषी नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने का काम करेंगे।

# पंजाब में 9 आईएएस, 87 पीसीएस समेत 96 अफसरों का तबादला, मनकंवल चहल आरटीए लुधियाना नियुक्त

पंजाब/यूटर्न/20 फरवरी। पंजाब में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। बजट पेश होने से ठीक पहले सरकार ने 96 अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं। इस आदेश में कई आईएएस और पीसीएस अधिकारियों को इधर-उधर किया गया है। जिन अधिकारियों का तबादला किया गया, उनमें 9 आईएएस अधिकारी है। जबकि 87 पीसीएस अधिकारी हैं। आईएएस राजदीप सिंह बराड़ को अतिरिक्त उपायुक्त (शहरी विकास), बठिंडा और साथ ही अतिरिक्त मुख्य प्रशासक, बठिंडा विकास




प्राधिकरण लगाया गया है। आईएएस रुबिंदरजीत सिंह बराड को अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, पंजाब ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टमेंट प्रमोशन और साथ ही अतिरिक्त सचिव, एनआरआई मामले तथा अतिरिक्त सचिव, स्थानीय सरकार लगाया। दिव्या पी को अतिरिक्त उपायुक्त (ग्रामीण विकास) जालंधर, आईएएस विवेक कुमार मोदी को अतिरिक्त उपायुक्त बरनाला, आईएएस कृष्ण पाल राजपूत को अतिरिक्त उपायुक्त (ग्रामीण विकास)। आईएएस डी गोयल को अतिरिक्त उपायुक्त (सामान्य) लगाया गया है।

वहीं पीसीएस अमित बैंबी को एडीसी अर्बन डेवलपमेंट लुधियाना, प्रीतइंद्र सिंह को सब डिवीजनल मजिस्ट्रेट पायल, मनकंवल सिंह चहल को आरटीए लुधियाना, गुरमीत कुमार को असिस्टेंट कमिश्नर सेल्स टैक्स लुधियाना-1, नरिंदर सिंह को एडीसी रुरल डेवलपमेंट लुधियाना, पूनम सिंह को एडीसी लुधियाना, कुलदीप बावा को एसडीएम लुधियाना वेस्ट नियुक्त किया गया है।

# नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा लिए गए इम्तिहान में सन्मति विमल जैन स्कूल ने बनाया रिकॉर्ड

चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/20/फरवरी। सन्मति विमल जैन सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल जगराओं ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि अच्छी शिक्षा, मजबूत गाइडेंस और स्टूडेंट्स के हर तरह के विकास के लिए लगन ही सफलता की चाबी है। जे.ई मैन के पहले एग्जाम में सन्मति स्कूल के स्टूडेंट्स ने शानदार प्रदर्शन करके न सिर्फ राज्य में बल्कि नेशनल लेवल पर भी स्कूल का नाम रोशन किया है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित इस एग्जाम में सन्मति स्कूल के





होनहार स्टूडेंट्स तनमे वर्मा ने 98 प्रतिशत और किरणजोत सिंह ने 95 प्रतिशत अंक लेकर सबसे ऊंची जगह हासिल की है। इन नतीजों पर गर्व महसूस करते हुए स्कूल की प्रिंसिपल मैडम सुप्रिया खुराना ने कहा कि यह सफलता स्टूडेंट्स की कड़ी मेहनत, टीचर्स की लगन और पेरेंट्स के अटूट विश्वास का नतीजा है। उन्होंने कहा कि सन्मति स्कूल का मकसद सिर्फ एग्जाम तक ही सीमित नहीं है बल्कि स्टूडेंट्स का हर तरह का विकास करना है। स्कूल की मैनेजिंग कमेटी के प्रधान रमेश जैन और सेक्रेटरी महावीर जैन ने स्टूडेंट्स को उनकी सफलता पर बधाई दी। स्टूडेंट्स, टीचर्स और पेरेंट्स को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि सन्मति स्कूल हमेशा नए डिसिप्लिन और बेहतरीन एजुकेशनल माहौल के जरिए स्टूडेंट्स को ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए वचनवध है। प्रिंसिपल मैडम ने इस खुशी के मौके पर बच्चों का मुँह मीठा करवाया और उन्हें शुभकामनाएं दीं और भविष्य में और मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।






Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372